जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

28 अक्टूबर, 2024

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के कुलपति प्रो मजहर आसिफ ने सफाई कर्मचारियों से मुलाकात की, संस्थान के साथ भावनात्मक जुड़ाव विकसित करने के लिए उनकी समस्याएं सुनीं

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के कुलपति के रूप में अपना कार्यभार ग्रहण करने के दूसरे दिन ही प्रो. मजहर आसिफ ने विश्वविद्यालय के सफाई कर्मचारियों को बातचीत के लिए अपने कार्यालय में आमंत्रित किया। इसके पीछे उनका उद्देश्य विश्वविद्यालय को साफ-सुथरा रखने में सफाई कर्मचारियों के प्रति सम्मान और आभार प्रकट करने के साथ साथ उनकी समस्याओं को जानना-समझना था। विश्वविद्यालय के इतिहास में यह पहली बार है कि किसी कुलपति ने अपने कार्यकाल की शुरुआत में ही सफाई कर्मचारियों से मुलाकात की और उन्हें यह एहसास कराया कि विश्वविद्यालय के लिए वे कर्मचारी कितने महत्वपूर्ण हैं।

सफाई कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कुलपति ने यह कहा कि, "यह केवल एक विश्वविद्यालय नहीं है अपितु यह हमारा घर है, हमारा कार्यस्थल है और मैं आप सभी से अनुरोध करता हूँ कि इसे बेहतर बनाने के लिए आप लोग कठोर परिश्रम करें। अपने कार्यस्थल को साफ-सुथरा रखना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है क्योंकि कार्यस्थल ईश्वर का स्थान होता है और कार्य ही पूजा है।"

इसके आगे उन्होंने यह भी कहा कि सभी कर्मचारियों के मन में इस संस्थान से जुड़ाव की भावना होनी चाहिए और हम सभी को इस विश्वविद्यालय की हर चीज से प्यार करना चाहिए। कुलपति ने सफाई कर्मचारियों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करना उनकी प्राथमिकता होगी।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया